दिन–सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में दो हजार एक सौ इक्यासी करोड़ रूपये का निवेश होगा। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान की उपस्थिति में पटना में निवेश प्रस्ताव पर हुआ हस्ताक्षर
02. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के चार हजार पांच सौ पदों के लिए आयोजित परीक्षा रद्द। ऑनलाइन परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप में ईओयू ने सैंतीस आरोपियों को हिरासत में लिया।
03. पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया।
04. और, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। तीन दिनों के बाद ठंड में बढ़ोतरी का पूर्वानुमाना।

———————————————————————————

प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में दो हजार एक सौ इक्यासी करोड़ रूपये का निवेश होगा। साथ ही इस क्षेत्र में राज्य में चार हजार एक सौ पचहत्तर नौकरियां भी सृजित होंगी। आज पटना में फूड प्रोसेसिंग इन्वेस्टर्स मीट के दौरान इस संबंध में निवेशकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समिट को संबोधित करते हुए केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना अधिक से अधिक होनी चाहिए ताकि किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिले और रोजगार के नये अवसर पैदा हों। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य बिहार की खाद्य सामाग्रियों को विश्व पटल पर लाना है।

–––बाईट–––

श्री पासवान ने कहा कि केन्द्र सरकार बिहार को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण से किसानों को अधिक से अधिक लाभ कैसे पहुंचे, इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

–––बाईट–––

समारोह को राज्य के उद्योग मंत्री नीतिश मिश्र ने सम्बोधित किया।

———————————————————————————

राज्य स्वास्थ्य समिति ने सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सीएचओ के चार हजार पांच सौ पदों के लिए आयोजित परीक्षा रद्द कर दी है। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार रविवार को ली गई परीक्षा और आज होने वाली परीक्षा दोनों रद्द कर दी गई है। समिति ने कहा है कि परीक्षा की नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। इधर, आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढ़िल्लो ने बताया कि कल हुई परीक्षा के दौरान तीन ऑनलाइन सेंटर पर छापेमारी की गई जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पाई गई। उन्होंनें बताया कि इस मामले में सैंतीस सदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

———बाईट———

संसद के दोनों सदनों में आज लगातार पांचवें दिन विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण रूकावट आई। दोनों सदनों की कार्यवाही बिना किसी विशेष कामकाज के कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया। इस कारण कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

——————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद के कामकाज में रूकावट डालने के लिए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर लोकतंत्र में विश्वास न रखने का आरोप लगाया। श्री सिंह ने कहा कि संसद की कार्यवाही में इस प्रकार व्यवधान डालना जनता के पैसे की बर्बादी है।

———बाईट———

ये विपक्ष को लोकतंत्र में भरोसा नहीं है कांग्रेस पार्टी सहित। अगर लोकतंत्र में भरोसा होता, तो जनता की गाढ़ी कमाई को एडजॉर्न करा करके ये जनता के हक की माड़ी है। संसद में अगर जनता के लिए चर्चा नहीं होगी तो ये शोर मचाने के लिए होगा। ये दुखद घटना है।

———————————————————————————————————

इधर, कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रेणुका चौधरी ने कहा कि संसद तब तक नहीं चल पाएगी जब तक सदस्यों को सवाल पूछने नहीं दिया जायेगा।

———बाईट———

ये हाऊस नहीं चल पाएगा जब तक आप बात नहीं करने देते। विपक्ष में जो बैठते हैं, ये हमारी धर्म बनती है कि आके यहां उनकी आवाज यहां सुनाएं। कोई शक है, कोई सवाल है, मगर जब ये है तो पूछने का हक तो रहना चाहिए, तो आप उसको चलने नहीं देंगे, आप बोलने नहीं देंगे, तो हम चुप रहें। डेमोक्रेसी की आवाज यहां सुनाने आए हैं।

———————————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सस्ता और सुलभ बना रही है। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन एक दशक में इनकी संख्या दोगुनी होकर 780 हो गई है। श्री मांडविया ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को भी मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

———बाईट———

देश में हेल्थ सेक्टर में, मोदी जी के नेतृत्व में 360 डिग्री वर्क हो रहा है। देश में हेल्थ को एक्सेसेबल और एफोर्टेबल करने के लिए मोदी जी ने आयुष्मान भारत योजना चलाई। आयुष्मान भारत योजना के तहत 12 करोड़ फैमिली यानी कि 60 करोड़ लोगों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज की गारंटी मोदी जी की ओर से मिली।

———————————————————————————————————

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापामान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान चौदह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज मधुबनी के बेलौचा में नवनिर्मित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मधुबनी टोल में नवनिर्मित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने बाईस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शिलान्यास किया। इस पर नौ करोड़ बयालीस लाख रूपये की लागत आएगी।

———————————————————————————

लखीसराय के गांधी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव आज संपन्न हो गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया।

———————————————————————————

चौथे मेकांग–गंगा धम्म यात्रा के तहत थाईलैंड से आए प्रतिनिधि मंडल में आज पटना में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की। इस यात्रा का उद्देश्य पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा, परिवहन और संचार के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाना है।

———————————————————————————

गया के महाबोधि मंदिर परिसर में कल से उन्नीसवें अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पूजा की शुरूआत होगी। दस दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भारत, नेपाल, बांग्लादेश, कम्बोडिया, लाओस, थाईलैंड, श्रीलंका और वियतनाम समेत कई देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे। कल सुबह आठ बजे अलग–अलग देशों के बौद्ध भिक्षुओं द्वारा शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

———————————————————————————

पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव को धमकी देने के मामले में पुलिस ने भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया से रामबाबू राय नामक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गिरोह का सदस्य बताते हुए एक वीडियो ंदेश के माध्यम से पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस आरोपी युवक को अपने साथ पूर्णियां ले गई है।

———————————————————————————

सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा के प्रदेश महासचिव गणेश पासवान का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

———————————————————————————

भारतीय प्रशासनिक सेवा के कर्नाटक कैडर के नवनियुक्त अधिकारी हर्षवर्द्धन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे कर्नाटक के हासन जिले में पहली पदस्थापना के लिए जा रहे थे। हर्षवर्द्धन मूल रूप से सहरसा के रहने वाले थे।

———————————————————————————

हिमाचल प्रदेश में सीमा पर शहीद जवान संजीव कुमार भंडारी का आज अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सुपौल जिले के मरौना प्रखंड के गम्हरिया मे पूरे सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर उनके पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। लोग संजीव कुमार अमर रहे के नारे लगा रहे थे। संजीव कुमार भंडारी का खाई मे गिरने से निधन हो गया था।

———————————————————————————

गया नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर छत्तीस साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि एक कॉल सेंटर की आड़ में लोगों से धोखाधड़ी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मौके से तीन लैपटॉप, तैंतीस मोबाइल फोन और तैंतीस सिम कार्ड बरामद किए गए है।

———————————————————————————

पटना के परसा बाजार स्थित बागपुर गांव में बिजली के एक ट्रान्सफॉर्मर में विस्फोट होने से तीन महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। तीनों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————————

पटना के फतुहा में अपराधियों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आपसी विवाद को हत्या का कारण बताया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की टीम ने छापेमारी कर लगभग आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन तस्करों को मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में दो हजार एक सौ इक्यासी करोड़ रूपये का निवेश होगा। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान की उपस्थिति में पटना में निवेश प्रस्ताव पर हुआ हस्ताक्षर
02. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के चार हजार पांच सौ पदों के लिए आयोजित परीक्षा रद्द। ऑनलाइन परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप में ईओयू ने सैंतीस आरोपियों को हिरासत में लिया।
03. पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया।
04. और, प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। तीन दिनों के बाद ठंड में बढ़ोतरी का पूर्वानुमाना।

---

समाप्त